GUNA POLICE	विजय कुमार खत्री (भा.पु.से.)
PRESS NOTE	पुलिस अधीक्षक, जिला-गुना (म.प्र.)
दिनांक 20.11.2023	*देश भक्ति-जन सेवा*

मध्य प्रदेश पुलिस

कपड़े की दुकान में आगजनी के मामले का पर्दाफाश

दुकान को आग के हवाले करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दुकान में आग लगने से एक करोड़ से भी अधिक का हुआ था नुकसान

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15-16 नवम्बर 2023 की मध्य रात में गुना शहर के बोहरा मस्जिद चौक स्थित लकी टेक्सटाइल्स एवं संयम कलेक्शन नामक कपडे की दुकानों में किन्हीं अज्ञात कारणों से आगजनी की भीषण घटना घटित हुई थी, इस अग्निकांड में करीब 01 करोड़ रूपये से भी अधिक का नुकसान हुआ था। आगजनी के उपरोक्त घटनाक्रम को लेकर फरियादी विनोद कुमार जैन निवासी चौधरन कॉलोनी गुना की सूचना पर से गुना कोतवाली में आगजनी कायम कर जांच में लिया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुना श्री विजय कुमार खत्री द्वारा आगजनी की उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेकर आगजनी की इस संपूर्ण घटनाक्रम की बारीकी से जांच के निर्देश दिए गए। निर्देशानुसार सीएसपी गुना श्रीमति श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा आगजनी की उक्त बारदात के संबंध में बारीकी से जांच की गई एवं घटना के संबंध में लिए गए कथनों तथा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले जाने पर आगजनी की इस घटना को अंजाम देने में परिवर्तन पुत्र घनश्याम पंवार (राजपूत) निवासी बताशा गली गुना की संलिप्तता पाए जाने पर जिसके विरुद्ध गत दिनांक 19 नबंवर 2023 को गुना कोतवाली में अप.क्र. 985/23 धारा 436 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया एवं प्रकरण के आरोपी परिवर्तन पंवार की तलाश में सघन दबिशें दी गई और दिनांक 19 नबंवर 2023 की रात में ही आरोपी **परिवर्तन पुत्र घनश्याम सिंह पंवार (राजपूत) उम्र 30 साल निवासी बताशा गली गुना** को गिरफ्तार कर लिया गया एवं जिसे आज दिनांक 20 नबंवर 2023 को माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपी से आगजनी के संबंध में पूछताछ हेतु उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

गुना कोतवाली पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक संदीप यादव, उपनिरीक्षक रविनंदन शर्मा, उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, आरक्षक धीरेन्द्र गुर्जर, आरक्षक संजय जाट, आरक्षक नीलेश रघुवंशी एवं आरक्षक दीपक शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।